कार्यालय जिला एवं सत्र न्यायाधीश, सरगुजा(अम्बिकापुर)(छ0ग0)

:: तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी भर्ती–2022::

–:: सूचना–पत्र ::–

कार्यालय जिला एवं सत्र न्यायाधीश, सरगुजा, (छ0ग0) के विज्ञापन कमांक विज्ञापन कमांक 1286/दो-11-1/2022 दिनांक 22.09.2022 प्रकाशित किया गया है, जिसके अनुक्रम में शुद्धि पत्र क्र–103/दो-11-1/2022, अम्बिकापुर ,दिनांक 23/01/23 एवं शुद्धि पत्र कमांक 890/दो-11-1/2022 अम्बिकापुर दिनांक 22.06.2023 के द्वारा जिला स्थापना अंतर्गत रिक्त वाहन चालक (नियमित)-01 पद, भृत्य (एस.टी. दिव्यांग)-01 पद एवं आकस्मिकता निधि से वेतन पाने वाले कर्मचारियों के -08 पद हेतु लिखित परीक्षा का आयोजन दिनांक 23.07.2023 को किया गया था, जिसमें उपस्थित अभ्यर्थियों के द्वारा लिखित परीक्षा में प्राप्त अंक के आधार पर, वाहन चालक, भृत्य (एस.टी. दिव्यांग) एवं आकस्मिकता निधि से वेतन पाने वाले कर्मचारियों के रिक्त पद हेतु कौशल परीक्षा एवं साक्षात्कार का आयोजन निम्नानुसार किया जाता है :-

–:: परीक्षा कार्यक्रम ::–

क्र	पद नाम	परीक्षा का नाम	परीक्षा का दिनांक	अभ्यर्थी के परीक्षा हेतु उपस्थित होने का समय	परीक्षा स्थल
1	वाहन चालक	कौशल परीक्षा	**06.08. 2023 (रविवार)**	प्रातः 08:30 बजे	क्षैत्रीय परिवहन कार्यालय (आर टी ओ ऑफिस) सरगंवा, अम्बिकापुर (छ0ग0)
2	भृत्य (दिव्यांग)	साक्षात्कार	**06.08. 2023 (रविवार)**	दोपहर 11.00 बजे	जिला न्यायालय परिसर, गांधी चौक, अम्बिकापुर (छ0ग0)
3	आकस्मिकता निधि कर्मचारी	साक्षात्कार	**06.08. 2023 (रविवार)**	दोपहर 12.00 बजे	जिला न्यायालय परिसर, गांधी चौक, अम्बिकापुर (छ0ग0)

<u>टीप :-</u> यदि उपरोक्त पदों के कौशल परीक्षा/साक्षात्कार नियत तिथि को सम्पन्न नहीं हो पाती है, और स्थगित होती है, तो उक्त दिवस को ही उपस्थित अभ्यार्थियों को आगामी तिथि की जानकारी देते हुए, परीक्षा कार्यक्रम जिला न्यायालय के वेबसाईड एवं कार्यालय के नोटिस बोर्ड में चस्पा किया जावेगा।

उपरोक्त परीक्षा योजना अनुसार द्वितीय चरण चयन प्रक्रिया प्रारंभ किये जाने हेतु, विज्ञापित पदों के विरूद्ध अभ्यर्थियों के लिखित परीक्षा में प्राप्त अंको के आधार पर वरिष्ठता सूची प्रकाशित की जा रही है।

यह भी निर्देशित किया जाता है अभ्यर्थी लिखित परीक्षा हेतु जारी प्रवेश पत्र वैध पहचान प्रमाण पत्र (जैसे डाईविंग लायसेंस/पेन कार्ड/आधार कार्ड/मतदान परिचय पत्र/स्मार्ट कार्ड) तथा आवेदन पत्र के साथ संलग्न किये गये सम्पूर्ण शैक्षणिक, निवास, जाति, इत्यादि दस्तावेज की मूल प्रति सहित कौशल परीक्षा/साक्षात्कार की तिथि को परीक्षा समय से एक घंटा उपस्थित रहेंगे ताकि शैक्षणिक दस्तावेज, प्रवेश पत्र एवं पहचान पत्र का मिलान कर उन्हें परीक्षा में सम्मिलित होने की अनुमति दी जा सके। किसी भी आवेदक को अन्य किसी भी माध्यम से कौशल परीक्षा/साक्षात्कार हेतु सूचना/प्रवेश पत्र पृथक से नहीं भेजा जावेगा, इस संबंध में कोई पत्राचार ग्राह्य नहीं होगा।

परीक्षा के लिए अभ्यर्थियों को स्वयं के व्यय पर परीक्षा तिथि को प्रवेश पत्र में अंकित निर्धारित स्थान एवं समय पर उपस्थित रहना होगा। उन्हें किसी प्रकार का यात्रा व्यय आदि देय नहीं होगा।

अध्यक्ष
चयन समिति
जिला एवं सत्र न्यायालय
सरगुजा(अम्बिकापुर) छ0ग0